दिनांक-12दिसंबर2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

राधिका नगर के सघन क्षेत्रों में चला विशेष स्वच्छता अभियान

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 4 राधिका नगर एवं कृष्णा नगर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है , जिसमें अतिरिक्त रूप से सफाई कर्मी लगाए गए हैं जो सफाई कार्य को अंजाम दे रहे है! निगम के वार्डों की परिस्थिति को देखते हुए सफाई कार्य कराया जा रहा है! सफाई कर्मियों की प्रातः से उपस्थिति भी ली जा रही है तथा इनको नाली सफाई , सड़क की सफाई, झाड़ी हटाने का कार्य, सी & डी कचरे को हटाने के कार्य पर लगाया गया है! घनी आबादी एवं सघन क्षेत्रों में विशेष रुप से सफाई कार्य को अंजाम दिया जा रहा है अन्य स्थानों पर भी सफाई कर्मचारी नियमित रूप से सफाई कार्य कर रहे हैं जिसके मॉनिटरिंग के लिए अधिकारी नियुक्त किए गए हैं! सघन क्षेत्रों के लिए विशेष तौर पर लगाए गए सफाई कर्मचारी नालियों को पूर्णतः साफ करने का कार्य करेंगे ताकि नाली का प्रवाह न रुके! सफाई कर्मचारियों को सफाई से संबंधित सामग्री से लैस किया गया है जिसमें फावड़ा,गैती,बेलचा, झाड़ू, हैंड ट्रॉली, दस्ताना, एप्रोन आदि इन्हें प्रदाय किया गया है! सफाई कर्मी रास्ते के दोनों किनारों के नालियों की सघन सफाई कर रहे हैं नाली साफ करने के पश्चात इसके किनारे की झाड़ियों को भी साफ किया जा रहा है, नालियों के आसपास सफाई रखने के लिए ब्लीचिंग,चूना,कीटनाशक दवाई आदि का उपयोग किया जा रहा है! सफाई कार्य के लिए ट्रैक्टर एवं ट्राली , हैंड ट्रॉली, एप्पे, जेसीबी आदि की व्यवस्था की गई है जिसके माध्यम से निकलने वाले कचरे को उपयुक्त स्थल पर भेजा जा रहा है! राधिका नगर के अंतर्गत कृष्णा नगर, चौरसिया फेब्रिकेशन के पीछे से 1200 मीटर क्षेत्र से कचरा को उठाया गया है एवं डमरु मोहल्ला , लोधी मोहल्ला, श्याम चौक, राहूल मेडिकल लाइन, ईश्वर चौक, लोहार मोहल्ला, बजरंग चौक की 14 मीटर नालियों की सफाई पूर्ण की जा चुकी है!

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसंपर्क अधिकारी